## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 27.10.2025**

- **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता कर झांसे में लेकर साइबर ठगी की गयी।**
- **साइबर थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 63,297/- वापस करायी गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री विवेक कुमार पुत्र श्री अनिल कुमार निवासीग्राम गढेवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 25.11.2024 को आवेदक से फोन पर वार्ता कर झांसे में लेकर कुल 4,23,948/- रुपये की साइबर ठगी की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक के द्वारा साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी गयी थी। जिस पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के वॉलेट/बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराया गया एवं दिनांक 27.10.2025 तक शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल 63,297/- रूपये की धनराशि वापस करायी गयी। शेष धनराशि की बरामदगी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस/ साइबर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

₹ 63,297/-

**धनराशि वापस कराने वाली टीम-**

साइबर थाना पुलिस